दिनांकः 10.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश के 193 विधानसभा क्षेत्रों में आज सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविर लगाकर मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने के लिए आवेदन लिए जाएंगे।
- विधानसभा उपचुनाव वाले क्षेत्रों में प्रत्याशियों की ओर से धुंआधार प्रचार–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज दौसा और रामगढ़ में तथा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली रामगढ़ में जनसभा करेंगे।
- राइजिंग राजस्थान समिट के तहत आज सांचौर में जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट का आयोजन।
- राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट के लिए आवेदन प्रक्रिया एक दिसम्बर से शुरू होगी।

........................

प्रदेश के 193 विधानसभा क्षेत्रों में आज सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविर लगाकर मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि उपचुनाव वाले सात विधानसभा क्षेत्रों को छोड़कर बाकी सभी क्षेत्रों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–एसएसआर–2025 के तहत मतदाता सूचियों में संशोधन के लिए आवेदन और आक्षेप लिए जा रहे हैं। इस दौरान नए नाम जोड़ने, हटाने, पते और फोटो में गलती सुधार के लिए दावे और आपतियां तथा आवेदन लिए जा रहे हैं।
उन्होंने बताया कि आज लगने वाले शिविरों में बूथ लेवल ऑफिसर सहित निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी और कार्मिक मौजूद रहेंगे। इस दौरान नए मतदाता भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। शिविरों में मतदाता जागरुकता गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। इनमें मतदाने के प्रति जागरुकता के लिए मतदाता शपथ पठन, वोटर हेल्पलाइन एप और निर्वाचन विभाग से जुडी एप की जानकारी दी जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों के लिए अंतिम मतदाता सूचियों का प्रकाशन अगले साल 6 जनवरी को किया जाएगा। इस बीच, उपचुनाव वाले क्षेत्रों में चल रही होम वोटिंग के दूसरे चरण का आज अंतिम दिन है।

........................

प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव वाले क्षेत्रों में प्रत्याशी और उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता जोर शोर से प्रचार में जुटे हुए हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ आज दौसा और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्रों में जनसभा करेंगे। वहीं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव रामगढ़ में, पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी झुंझुनूं, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर देवली उनियारा और खेल राज्य मंत्री केके विश्नोई खींवसर विधानसभा क्षेत्र में प्रवास करेंगे।
उधर, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली आज रामगढ से कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा करेंगे। इस दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

........................

देश में बड़े पैमाने पर खरीफ फसलों की खरीद जारी है। केन्द्र सरकार ने वर्तमान विपणन सत्र में शुक्रवार तक 120 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बताया कि ग्रेड 'ए' धान को तय एम.एस.पी. 2 हजार 320 रुपये प्रति क्विंटल पर ही खरीदा जा रहा है। केंद्र सरकार ने चालू खरीफ सीजन के लिए धान खरीद का अनुमानित लक्ष्य 185 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया है।

........................

सरहदी जिले जैसलमेर में टिड्डी दल को लेकर राहत भरी खबर है। रोम से आए दल ने वहां सर्वे कर इस संबंध में जानकारियों जुटाईं। इसके बाद दल ने बताया कि आगामी 6 माह तक यहां टिड्डी हमले की कोई आशंका नहीं है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे किसानों को राहत मिली है।

........................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल शाम कोटा में जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जिला कलक्टर और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान न्यायालय के नए भवन के निर्माण सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

........................

दिसम्बर में होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत विभिन्न जिलों में निवेशक सम्मेलन आयोजित कर करोड़ों के एमओयू किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज सांचौर में इन्वेस्टर मीट रखी गई है। इसमें उद्योग और वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. बिश्नोई मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में उद्यमियों को राज्य सरकार की उद्योगों से जुड़ी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी। क्षेत्र में उद्योग लगाने के लिए उपलब्ध संसाधनों के बारे में बताया जाएगा। सांचौर क्षेत्र में सोलर प्रोजेक्ट, रियल एस्टेट, हेल्थकेयर सेक्टर, एग्रो बेस्ड इंडस्ट्री, हैंडीक्राफ्ट, एजुकेशन और होटल इंडस्ट्री में निवेश करने के लिए उद्यमी आगे आ रहे हैं। अब तक 2 हजार 482 करोड़ रूपए के 46 एमओयू हो चुके हैं। इससे रोजगार के कई नए अवसर सृजित होने की संभावना है।

........................

जैसलमेर में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में पंजीकरण के लिए डिस्कॉम की ओर से आज शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में मौके पर रजिस्ट्रेशन किये जाएंगे। शिविर में योजना से मिलने वाले विभिन्न लाभों की भी जानकारी दी जाएगी।
उधर, हनुमानगढ़ में सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के बारे में सोलर पैनल विक्रेताओं और आमजन को जागरुक करने के लिए कल जोधपुर विद्युत वितरण निगम की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला रखी गई। इस दौरान जिला कलेक्टर ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की सोलर पैनल विक्रेताओं के साथ सोलर पैनल के इच्छुक उपभोक्ताओं की सूची साझा की जाए। कलेक्टर ने वहां मौजूद लोगों से अपील की कि वे सामाजिक कार्यों और समारोह में एक–दूसरे से योजना के बारे में अनुभव को भी साझा करें।
हनुमानगढ़ में ही दिव्यांगों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए 12 नवम्बर से विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे। हनुमानगढ़ और रावतसर में 12 नवंबर, पीलीबंगा और नोहर में 13, संगरिया और भादरा में 14, टिब्बी और पल्लू में 18 नवंबर को शिविर लगेंगे। शिविरों के लिए संबंधित उपखंड अधिकारी को प्रभारी और विकास अधिकारियों को सहप्रभारी नियुक्त किया गया है।
वहीं, पाली में आज जिला स्तरीय मूक बधिर सेमीनार का आयोजन किया जाएगा। इसमें सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाथ गहलोत, जिला कलेक्टर और अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे।

........................

राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट के लिए आवेदन प्रक्रिया आगामी 1 दिसंबर से शुरू होगी। यह परीक्षा अगले साल फरवरी में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर की ओर से आयोजित की जाएगी। बोर्ड के अनुसार परीक्षा संबंधी विस्तृत जानकारी 25 नवंबर तक आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दी जाएगी। परीक्षा शुल्क पूर्व परीक्षा के समान ही निर्धारित किया गया है।

........................

सवाईमाधोपुर जिले के बौली थाना क्षेत्र में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे पर कल एक कार के अनियंत्रित होकर पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

........................

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चार मैचों की टी–ट्वेंटी क्रिकेट श्रृंखला का दूसरा मैच आज खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात साढ़े आठ बजे से शुरू होगा। इस शुक्रवार को खेले गए श्रृंखला के पहले मैच में भारत ने मेजबान दक्षिण अफ्रीका की टीम को 61 रन से हराया था। श्रृंखला का तीसरा मैच बुधवार को सैंचुरियन और चौथा मैच शुक्रवार को जोहान्सबर्ग में खेला जाएगा।

........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 नवम्बर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 22 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा

1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

........................